CS CamS

1. Who laid the foundation of the Portuguese Empire in India ?
   (a) Francisco de Almeida
   (b) Piri Reis
   (c) Alfonso de Albuquerque
   (d) Geoffrey Parker

2. Whom does the President of India appoint under Article 76 of the Indian Constitution ?
   (a) Governor
   (b) Chief Election Commissioner of India
   (c) Judges of High Courts
   (d) Attorney General of India

3. 'Gandhi Sagar Dam' is constructed on which of the following rivers ?
   (a) Chambal river
   (b) Mahi river
   (c) Hindon river
   (d) Betwa river

4. 'Kalahandi' in Odisha is known for production of which of the following minerals in India ?
   (a) Uranium
   (b) Mica
   (c) Copper
   (d) Bauxite

5. Which State hosted the seventh edition of the Khelo India Youth Games ?
   (a) Bihar
   (b) Maharashtra
   (c) Uttarakhand
   (d) Gujarat

6. India ranks ________ in the world in milk production.
   (a) Third
   (b) Second
   (c) First
   (d) Fourth

7. Manure prepared with the help of earthworms is called :
   (a) Compost
   (b) Vermicompost
   (c) Green manure
   (d) Farm yard manure

1. भारत में पुर्तगाली साम्राज्य की नींव किसने रखी थी ?
   (a) फ्रांसिस्को डी अल्मेडा
   (b) पिरी राइस
   (c) अल्फोंसो डी अलबुकर्क
   (d) जियोफ्री पार्कर

2. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 76 के अंतर्गत भारत के राष्ट्रपति किसकी नियुक्ति करते हैं ?
   (a) राज्यपाल
   (b) भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त
   (c) उच्च न्यायालय के न्यायाधीश
   (d) भारत के महान्यायवादी

3. 'गांधी सागर बाँध' का निर्माण निम्नलिखित में से किस नदी पर हुआ है ?
   (a) चम्बल नदी
   (b) माही नदी
   (c) हिंडन नदी
   (d) बेतवा नदी

4. भारत में ओडिशा में 'कालाहांडी' निम्नलिखित में से किस खनिज के उत्पादन के लिए जाना जाता है ?
   (a) यूरेनियम
   (b) अभ्रक
   (c) ताँबा
   (d) बॉक्साइट

5. किस राज्य ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स के सातवें संस्करण की मेज़बानी की थी ?
   (a) बिहार
   (b) महाराष्ट्र
   (c) उत्तराखंड
   (d) गुजरात

6. दुग्ध उत्पादन में विश्व में, भारत का ________ स्थान है।
   (a) तृतीय
   (b) द्वितीय
   (c) प्रथम
   (d) चतुर्थ

7. केंचुओं की मदद से तैयार खाद को कहा जाता है :
   (a) कम्पोस्ट
   (b) वर्मीकम्पोस्ट
   (c) हरी खाद
   (d) फार्म यार्ड खाद

Scanned with OKEN Scanner

8. Which one of the following pairs (Stock Exchange and their name) is *not* correctly matched ?
   (a) OTCEI – Over-the-Counter Exchange of India
   (b) NSE – National Stock Exchange of India Ltd.
   (c) ISE – Interconnected Stock Exchange of India Ltd.
   (d) BSE – Base-Stock Exchange of India

8. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म (स्टॉक एक्सचेंज और उनके नाम) सही सुमेलित *नहीं* है ?
   (a) ओटीसीईआई – ओवर-द-काउण्टर एक्सचेंज ऑफ इंडिया
   (b) एनएसई – नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
   (c) आईएसई – इंटरकनेक्टेड स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
   (d) बीएसई – बेस-स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया

9. If the length of the diagonals of a rhombus are 12 cm and 16 cm, then the area of the rhombus will be :
   (a) 192 $cm^2$
   (b) 80 $cm^2$
   (c) 96 $cm^2$
   (d) 64 $cm^2$

9. यदि एक समचतुर्भुज के विकर्णों की लंबाई 12 सेमी और 16 सेमी है, तो समचतुर्भुज का क्षेत्रफल होगा :
   (a) 192 सेमी$^2$
   (b) 80 सेमी$^2$
   (c) 96 सेमी$^2$
   (d) 64 सेमी$^2$

10. Which Mughal Emperor engraved his figure on his coins for the first time ?
   (a) Shah Jahan (b) Aurangzeb
   (c) Akbar (d) Jahangir

10. किस मुगल सम्राट ने सर्वप्रथम अपने सिक्कों पर अपनी आकृति खुदवाई थी ?
   (a) शाहजहाँ (b) औरंगज़ेब
   (c) अकबर (d) जहाँगीर

11. Which one of the following pairs is *not* correctly matched ?

| | Decade | | Decadal Growth Rate of Population (in percent) |
|---|---|---|---|
| (a) | 1971 – 1981 | – | 24·66 |
| (b) | 1981 – 1991 | – | 23·87 |
| (c) | 2001 – 2011 | – | 19·05 |
| (d) | 1991 – 2001 | – | 21·54 |

11. निम्नलिखित में से कौन-सा एक युग्म सही सुमेलित *नहीं* है ?

| | दशक | | जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर (प्रतिशत में) |
|---|---|---|---|
| (a) | 1971 – 1981 | – | 24·66 |
| (b) | 1981 – 1991 | – | 23·87 |
| (c) | 2001 – 2011 | – | 19·05 |
| (d) | 1991 – 2001 | – | 21·54 |

12. When was the 113th International Labour Conference organized in Geneva ?
   (a) 16 – 17 January, 2025
   (b) 2 – 13 June, 2024
   (c) 2 – 13 June, 2025
   (d) None of the above

12. 113वाँ अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन जेनेवा में कब आयोजित किया गया था ?
   (a) 16 – 17 जनवरी 2025
   (b) 2 – 13 जून 2024
   (c) 2 – 13 जून 2025
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

13. The sky appears blue due to :
(a) Refraction of light
(b) Scattering of light
(c) Diffraction of light
(d) Reflection of light

14. In which Article is 'Abolition of Untouchability' mentioned in the Indian Constitution ?
(a) Article 16
(b) Article 19
(c) Article 17
(d) Article 18

15. Where was the first Krishi Vigyan Kendra (KVK) sanctioned ?
(a) Puducherry (b) Hyderabad
(c) Pantnagar (d) Ludhiana

16. By increasing the speed of a car by 10 km/hour, the time of journey for a distance of 72 km is reduced by 36 minutes. The original speed of the car was :
(a) 20 km/hour
(b) 40 km/hour
(c) 30 km/hour
(d) 50 km/hour

17. Recently, which country has been officially declared Malaria-free by the World Health Organization in 2025 ?
(a) Nigeria (b) India
(c) Pakistan (d) Suriname

18. Which energy is released from the antennas of mobile towers and mobile handsets ?
(a) Magnetic field radiation
(b) Ionising field radiation
(c) Electromagnetic field radiation
(d) Extreme field radiation

13. आकाश किसके कारण नीला दिखाई देता है ?
(a) प्रकाश का अपवर्तन
(b) प्रकाश का प्रकीर्णन
(c) प्रकाश का विवर्तन
(d) प्रकाश का परावर्तन

14. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में 'अस्पृश्यता के अंत' का उल्लेख है ?
(a) अनुच्छेद 16
(b) अनुच्छेद 19
(c) अनुच्छेद 17
(d) अनुच्छेद 18

15. पहला कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) कहाँ स्वीकृत किया गया था ?
(a) पुडुचेरी (b) हैदराबाद
(c) पंतनगर (d) लुधियाना

16. एक कार की गति 10 किमी/घंटा बढ़ाने से 72 किमी की दूरी की यात्रा का समय 36 मिनट कम हो जाता है । कार की आरंभिक गति थी :
(a) 20 किमी/घंटा
(b) 40 किमी/घंटा
(c) 30 किमी/घंटा
(d) 50 किमी/घंटा

17. हाल ही में किस देश को 2025 में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा आधिकारिक तौर पर मलेरिया-मुक्त घोषित किया गया है ?
(a) नाइजीरिया (b) भारत
(c) पाकिस्तान (d) सूरीनाम

18. मोबाइल टावरों के एंटेना और मोबाइल हैंडसेट से कौन-सी ऊर्जा निकलती है ?
(a) चुम्बकीय क्षेत्र विकिरण
(b) आयनकारी क्षेत्र विकिरण
(c) विद्युत-चुम्बकीय क्षेत्र विकिरण
(d) चरम क्षेत्र विकिरण

CS CamScanner

19. The fractional form of 2·5% is :

(a) $\frac{2}{41}$

(b) $\frac{1}{40}$

(c) $\frac{3}{40}$

(d) $\frac{2}{35}$

20. 'Nile river' does *not* flow through which of the following countries ?

(a) Sudan
(b) Chad
(c) Uganda
(d) Egypt

21. Match List I with List II and select the correct answer using the codes given below the lists :

| | List I (Tribes of India) | | List II (State/Union Territory) |
|---|---|---|---|
| A. | Kinner | i. | Jammu and Kashmir |
| B. | Bakarwal | ii. | Mizoram |
| C. | Lushai | iii. | Karnataka |
| D. | Chenchu | iv. | Himachal Pradesh |

Codes :

(a) A-i, B-iii, C-iv, D-ii
(b) A-iv, B-iii, C-ii, D-i
(c) A-i, B-ii, C-iii, D-iv
(d) A-iv, B-i, C-ii, D-iii

22. Which of the following is an artificial ecosystem ?

(a) Forest (b) Grassland
(c) Fish Tank (d) Lake

19. 2·5% का भिन्नात्मक रूप है :

(a) $\frac{2}{41}$

(b) $\frac{1}{40}$

(c) $\frac{3}{40}$

(d) $\frac{2}{35}$

2336636

20. 'नील नदी' निम्नलिखित में से किस देश में प्रवाहित *नहीं* होती है ?

(a) सूडान
(b) चाड
(c) युगांडा
(d) मिस्र

2336636

21. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची I (भारत की जनजाति) | | सूची II (राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र) |
|---|---|---|---|
| A. | किन्नर | i. | जम्मू और कश्मीर |
| B. | बकरवाल | ii. | मिज़ोरम |
| C. | लुशाई | iii. | कर्नाटक |
| D. | चेंचू | iv. | हिमाचल प्रदेश |

कूट :

(a) A-i, B-iii, C-iv, D-ii
(b) A-iv, B-iii, C-ii, D-i
(c) A-i, B-ii, C-iii, D-iv
(d) A-iv, B-i, C-ii, D-iii

2336636

22. निम्नलिखित में से कौन-सा कृत्रिम पारिस्थितिक तंत्र है ?

(a) वन (b) घास का मैदान
(c) मछली का तालाब (d) झील

CS CamScanner
Scanned with OKEN Scanner

23. Match List I with List II and select the correct answer using the codes given below the lists :

| | List I (Treatise) | | List II (Topics described) |
|---|---|---|---|
| A. | Kalpa-Sutra | i. | Description of Mahavira's deeds |
| B. | Bhagwati Sutra | ii. | Code of conduct of Jain monks |
| C. | Nikaya | iii. | Early history of Jainism |
| D. | Acharanga Sutra | iv. | Compendium of Buddhist doctrines |

Codes :

(a) A-ii, B-iii, C-iv, D-i
(b) A-i, B-ii, C-iii, D-iv
(c) A-iii, B-i, C-iv, D-ii
(d) A-iii, B-ii, C-i, D-iv

2336636

24. Which day is observed as 'World Alzheimer's Day' every year ?

(a) September 23 (b) September 20
(c) September 21 (d) September 22

25. When white light passes through the prism, the light colours bend differently. Arrange the following colours from the one that bends the least to the one that bends the most :

I. Blue
II. Green
III. Yellow
IV. Orange

Select the correct answer from the codes given below :

(a) I, II, III, IV
(b) I, III, II, IV
(c) IV, III, II, I
(d) IV, II, III, I

23. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची I (ग्रंथ) | | सूची II (वर्णित विषय) |
|---|---|---|---|
| A. | कल्पसूत्र | i. | महावीर के कृत्यों का विवरण |
| B. | भगवती सूत्र | ii. | जैन भिक्षुओं के आचार नियम |
| C. | निकाय | iii. | जैन धर्म का प्रारंभिक इतिहास |
| D. | आचारांग सूत्र | iv. | बौद्ध धर्म के सिद्धांतों का संग्रह |

कूट :

(a) A-ii, B-iii, C-iv, D-i
(b) A-i, B-ii, C-iii, D-iv
(c) A-iii, B-i, C-iv, D-ii
(d) A-iii, B-ii, C-i, D-iv

24. प्रति वर्ष किस दिन को 'विश्व अल्ज़ाइमर दिवस' के रूप में मनाया जाता है ?

(a) 23 सितम्बर (b) 20 सितम्बर
(c) 21 सितम्बर (d) 22 सितम्बर

25. जब सफेद प्रकाश प्रिज़्म से होकर गुजरता है, तो प्रकाश के रंग अलग-अलग तरह से मुड़ते हैं। निम्नलिखित रंगों को सबसे कम मुड़ने वाले रंग से लेकर सबसे ज्यादा मुड़ने वाले रंग तक व्यवस्थित कीजिए :

I. नीला
II. हरा
III. पीला
IV. नारंगी

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :

(a) I, II, III, IV
(b) I, III, II, IV
(c) IV, III, II, I
(d) IV, II, III, I

CS CamScanner

26. Who decides that a particular bill is a 'Money bill' ?
(a) The Speaker of the Lok Sabha
(b) The President of India
(c) The Prime Minister
(d) The Finance Minister

26. किसी भी विशिष्ट विधेयक के 'धन विधेयक' होने का निर्णय कौन करता है ?
(a) लोक सभा अध्यक्ष
(b) भारत के राष्ट्रपति
(c) प्रधानमंत्री
(d) वित्त मंत्री

27. The optical phenomena, twinkling of stars, is due to :
(a) Total reflection
(b) Atmospheric refraction
(c) Total refraction
(d) Atmospheric reflection

27. प्रकाशीय घटना, तारों का टिमटिमाना किसके कारण होता है ?
(a) पूर्ण परावर्तन
(b) वायुमंडलीय अपवर्तन
(c) पूर्ण अपवर्तन
(d) वायुमंडलीय परावर्तन

28. Consider the following events and arrange then in chronological order :
I. Garibi Hatao
II. Nationalization of Banks
III. Beginning of the Green Revolution
Select the correct answer from the codes given below :
(a) III, II, I (b) II, I, III
(c) I, II, III (d) III, I, II

28. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए तथा इन्हें कालानुक्रमिक व्यवस्थित कीजिए :
I. ग़रीबी हटाओ
II. बैंकों का राष्ट्रीयकरण
III. हरित क्रांति का प्रारंभ
नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :
(a) III, II, I (b) II, I, III
(c) I, II, III (d) III, I, II

29. Who was the leader of Kheda Kisan Sangharsh or Kheda Satyagraha of Gujarat ?
(a) Vitthalbhai Patel
(b) Mahatma Gandhi
(c) Sardar Vallabhbhai Patel
(d) Lala Lajpat Rai

29. गुजरात के खेड़ा किसान संघर्ष या खेड़ा सत्याग्रह के नेता कौन थे ?
(a) विट्ठलभाई पटेल
(b) महात्मा गाँधी
(c) सरदार वल्लभभाई पटेल
(d) लाला लाजपत राय

30. The Chairman and the members of the Union Finance Commission are appointed by the :
(a) Prime Minister of India
(b) Union Finance Minister
(c) President of India
(d) Speaker of the Lok Sabha

30. संघीय वित्त आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति की जाती है :
(a) भारत के प्रधानमंत्री द्वारा
(b) केन्द्रीय वित्त मंत्री द्वारा
(c) भारत के राष्ट्रपति द्वारा
(d) लोक सभा अध्यक्ष द्वारा

CS CamScanner
Scanned with OKEN Scanner

31. वीभत्स रस का स्थायी भाव है :
(a) जुगुप्सा
(b) भय
(c) विस्मय
(d) क्रोध

32. "संतन को कहा सीकरी सों काम।
आवत जात पन्हैयाँ टूटीं बिसरि गयौ हरिनाम।"
उक्त पंक्तियाँ किसकी हैं ?
(a) कुंभनदास (b) परमानन्ददास
(c) नंददास (d) सूरदास

33. 'कवि कुलगुरु' किस रचनाकार को कहा जाता है ?
(a) वाल्मीकि (b) कालिदास
(c) महर्षि व्यास (d) माघ

34. 'सोया हुआ जल' शीर्षक उपन्यास के लेखक हैं :
(a) मोहन राकेश (b) मनोहर श्याम जोशी
(c) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना (d) धर्मवीर भारती

35. 'वह ब्राह्मणों को धन देता है।' वाक्य का संस्कृत में अनुवाद है :
(a) स: ब्राह्मणेभ्य: धनं अददात।
(b) स: ब्राह्मणेभ्य: धनं ददाति।
(c) स: ब्राह्मणान धनं ददाति।
(d) स: ब्राह्मणाय धनं ददाति।

36. 'बरवै रामायण' की रचना तुलसीदास ने किसके आग्रह पर की थी ?
(a) मीरा
(b) केशवदास
(c) रहीम
(d) सूरदास

37. 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' के लेखक हैं :
(a) नरेन्द्र शर्मा (b) जयशंकर प्रसाद
(c) केदारनाथ सिंह (d) हरिवंश राय 'बच्चन'

38. रीतिकाल के प्रसिद्ध कवि घनानन्द से संबंधित ***गलत*** तथ्य को चिह्नित कीजिए :
(a) रामचन्द्र शुक्ल ने घनानन्द को 'प्रेम की पीर' का कवि कहा है।
(b) घनानन्द निम्बार्क सम्प्रदाय में दीक्षित थे।
(c) घनानन्द ने लक्षणग्रन्थों के आधार पर अपने काव्य का सम्पूर्ण ताना-बाना बुना था।
(d) घनानन्द दिल्ली के बादशाह मुहम्मद शाह रँगीले के मीर मुंशी थे।

39. निम्नलिखित में से 'आकाश' का पर्यायवाची शब्द ***नहीं*** है :
(a) अंबक (b) द्यौ
(c) व्योम (d) अभ्र

40. 'एक अज्ञात भारतीय की आत्मकथा' का पहला प्रकाशन कब हुआ ?
(a) सन् 1970 ई. (b) सन् 1951 ई.
(c) सन् 1940 ई. (d) सन् 1960 ई.

41. 'दशकुमारचरित' के रचयिता हैं :
(a) मम्मट (b) वामन
(c) भामह (d) दण्डी

42. हिंदी की किस कहानी को नामवर सिंह ने 'नई कहानी धारा की पहली कहानी' के रूप में स्थापित किया था ?
(a) गैंग्रीन
(b) ज़िंदगी और जोंक
(c) परिंदे
(d) एक और ज़िंदगी

43. उत्तर प्रदेश सरकार ने आचार्य नरेन्द्र देव की अध्यक्षता में 'देवनागरी लिपि सुधार समिति' का गठन कब किया था ?
(a) 1948 ई. में (b) 1947 ई. में
(c) 1949 ई. में (d) 1951 ई. में

Scanned with OKEN Scanner

44. देवनागरी लिपि का उद्भव किस लिपि से हुआ है ?
(a) कैथी लिपि (b) रोमन लिपि
(c) चित्र लिपि (d) ब्राह्मी लिपि

45. सन् 1935 में गठित 'नागरी लिपि सुधार समिति' के संयोजक थे :
(a) डॉ. श्यामसुंदर दास (b) काका कालेलकर
(c) आचार्य नरेन्द्र देव (d) श्रीनिवास

46. किसने कबीर को 'वाणी का डिक्टेटर' कहा है ?
(a) आचार्य श्यामसुंदर दास ने
(b) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने
(c) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने
(d) डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल ने

47. 'वर्तनी' की दृष्टि से शुद्ध शब्द है :
(a) आध्यात्मिक (b) तनिश्क
(c) निस्छल (d) शरीरिक

48. "पांव महावर दैन कौं नाइन बैठी आइ।
फिरि फिरि जानि महावरी, एड़ी मीड़ति जाइ ॥"
उपर्युक्त दोहे में अलंकार है :
(a) यमक
(b) संदेह
(c) अतिशयोक्ति
(d) भ्रांतिमान

49. 'ऐ लड़की' कहानी की लेखिका हैं :
(a) कृष्णा सोबती
(b) उषा किरण खान
(c) ममता कालिया
(d) सूर्यबाला

50. आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती' के संपादन का दायित्व किस वर्ष लिया था ?
(a) 1905 ई. (b) 1900 ई.
(c) 1907 ई. (d) 1903 ई.

51. 'कुल्ली भाट' किस चर्चित लेखक की जीवनी है ?
(a) सुमित्रानंदन पंत
(b) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(c) जयशंकर प्रसाद
(d) महादेवी वर्मा

52. प्रत्यय की दृष्टि से निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
I. 'पठनीय' शब्द में ईय प्रत्यय है।
II. 'कथनीय' शब्द में ईय प्रत्यय है।
नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(a) न तो I, न ही II (b) केवल I
(c) I एवं II दोनों (d) केवल II

53. कर्ता के 'ने' चिह्न का प्रयोग किस काल में *नहीं* होता ?
(a) अपूर्ण भूत
(b) सामान्य भूत
(c) संदिग्ध भूत
(d) पूर्ण भूत

54. विलोम शब्द की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित *नहीं* है ?
(a) निर्मूल – समूल (b) सदय – निर्दय
(c) दुर्मुख – सुमुख (d) शुष्क – नीरस

55. 'शेरशाह का न्याय' के कहानीकार हैं :
(a) वृन्दावनलाल वर्मा (b) सुदर्शन
(c) जैनेन्द्र (d) इलाचन्द्र जोशी

56. 'अँगूठी का नगीना' के रचनाकार का नाम है :
(a) किशोरीलाल गोस्वामी (b) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(c) देवकीनन्दन खत्री (d) बालकृष्ण भट्ट

57. निम्नलिखित में से पूर्वी हिन्दी के कवि *नहीं* हैं :
(a) तुलसीदास
(b) मानदास
(c) भूषण
(d) मंझन

233663

58. 'रामचरितमानस विमल, संतन जीवनप्रान।
हिन्दुआन को वेद सम यवनहिं प्रकट कुरान ।।'
रामचरितमानस की प्रशंसा करते हुए यह दोहा किसने लिखा है ?

(a) भिखारीदास (b) नागरीदास
(c) रहीम (d) नाभादास

59. 'डायरी के नीरस पृष्ठ' के लेखक हैं :

(a) शान्तिप्रिय द्विवेदी (b) यशपाल
(c) इलाचन्द्र जोशी (d) जैनेन्द्र कुमार

60. 'करियै उपाय बाँस डारियै कटाय
नहिं उपजैगो बाँस नाहीं बाजै फेरि बाँसुरी' – इस काव्य पंक्ति के रचयिता हैं :

(a) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(b) मतिराम
(c) नन्ददास
(d) रसखान

61. 'किरातार्जुनीयम्' के संदर्भ में असत्य है :

(a) इसमें अर्जुन का युद्ध किरातवेशधारी कुमार कार्तिकेय से हुआ था।
(b) इसका प्रारंभ 'श्री' शब्द से तथा प्रत्येक सर्ग के अंतिम श्लोक में 'लक्ष्मी' का प्रयोग मिलता है।
(c) संस्कृत के 'वृहत्त्रयी' महाकाव्यों में इसे स्थान प्राप्त है।
(d) यह एक प्रसिद्ध महाकाव्य है।

62. 'प्रेम वाटिका' किसकी रचना है ?

(a) मीराबाई (b) रसखान
(c) रहीम (d) रसिकदास

63. 'यति – यती' शब्द युग्म के अर्थभेद का सही विकल्प है :

(a) विराम – संन्यासी (b) कामी – जितेन्द्रिय
(c) यत्न – विधवा (d) प्रयत्नशील – अनाथ

64. प्रबन्धकाव्य 'हम्मीररासो' के रचयिता हैं :

(a) द्विजदेव (b) सूदन
(c) गुमान मिश्र (d) जोधराज

65. नीचे दो कथन दिए गए हैं जिनमें से एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है।

**अभिकथन (A) :** कबीर की रचनाओं में सिद्धांत का प्राधान्य है, काव्य का नहीं। उनमें हमें साहित्य का सौन्दर्य नहीं मिलता, हमें मिलता है, एक संदेश।

**कारण (R) :** कबीर की रचनाओं में संदेश नहीं है पर काव्य सौन्दर्य बहुत अधिक है।

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) (A) सही है, किंतु (R) ग़लत है।
(c) (A) ग़लत है, किंतु (R) सही है।
(d) (A) और (R) दोनों सही हैं, किंतु (R), (A) की सही व्याख्या *नहीं* करता है।

66. सोरठा को किस छन्द का उल्टा कहा जाता है ?

(a) दोहा
(b) छप्पय
(c) चौपाई
(d) सवैया

67. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म शब्द और उसके विलोम की दृष्टि से सुमेलित *नहीं* है ?

(a) सृजन – नाश (b) सृष्टि – प्रलय
(c) सुसाध्य – दुर्लभ (d) स्तुति – निन्दा

68. निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा संविधान की आठवीं अनुसूची में *नहीं* है ?

(a) तमिल (b) नेपाली
(c) ब्रज (d) कश्मीरी

. निम्नांकित उद्धरण में छंद का निर्देश कीजिए :

"जो मित्र मेरा दुख जानता है।
जो कष्ट में आ सुख बाँटता है॥
साथी उसी को दिल मानता है।
लाखों जनों में पहचानता है॥"

(a) द्रुत विलंबित (b) इंद्रवज्रा

(c) उपेन्द्रवज्रा (d) वंशस्थ

70. 'लघु' का विलोम शब्द *नहीं* है :

(a) गुरु (b) महत्

(c) कुरूप (d) दीर्घ

71. 'मुदित महीपति मंदिर आए' काव्य पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?

(a) प्रतीप (b) अनुप्रास

(c) वक्रोक्ति (d) श्लेष

72. 'अधोमुख' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग का चयन कीजिए :

(a) अधो

(b) अध

(c) अधः

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

73. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | कौरवी | i. | पूर्वी हिन्दी |
| B. | मालवी | ii. | बिहारी |
| C. | बघेली | iii. | पश्चिमी हिन्दी |
| D. | भोजपुरी | iv. | राजस्थानी |

कूट :

(a) A-iii, B-iv, C-i, D-ii

(b) A-ii, B-iii, C-iv, D-i

(c) A-iii, B-ii, C-i, D-iv

(d) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

74. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म (वाक्यांश के लिए एक शब्द) सुमेलित *नहीं* है ?

(a) बहुश्रुत – जिसने अनेक विषयों का ज्ञान सुन रखा हो

(b) प्रत्युत्पन्नमति – जो सही समय पर तुरंत किसी बात या युक्ति को सोच नहीं पाए

(c) निर्निमेष – बिना पलक झपकाए

(d) पार्थिव – मिट्टी का बना हुआ

75. हिंदी निबंध का आरंभ किस शती में हुआ है ?

(a) उन्नीसवीं शती

(b) इक्कीसवीं शती

(c) बीसवीं शती

(d) अठारहवीं शती

76. निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रंथ हजारी प्रसाद द्विवेदी का *नहीं* है ?

(a) हिंदी साहित्य का आदिकाल

(b) हिंदी साहित्य : उद्भव और विकास

(c) हिंदी साहित्य का अतीत

(d) हिंदी साहित्य की भूमिका

77. अधोलिखित में से किस वाक्य का संस्कृत अनुवाद *ग़लत* है ?

| | वाक्य | अनुवाद |
|---|---|---|
| (a) | वृक्ष से फल गिरा। | – वृक्षात् फलम् अपतत् |
| (b) | दशरथ अयोध्या के राजा थे। | – दशरथः अयोध्यायाः राजा आसीत्। |
| (c) | निर्धन की सहायता करो। | – निर्धनस्य सहायतां कुरु। |
| (d) | गाँव के चारों ओर बाग है। | – ग्रामं परितः उद्यानम् सन्ति। |

78. सुनीति कुमार चटर्जी ने 'खड़ी बोली' के लिए किस शब्द का प्रयोग किया है ?

(a) जनपदीय हिंदुस्तानी (b) वर्नाक्यूलर हिंदुस्तानी

(c) मानक हिंदी (d) ठेठ हिंदी

79. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म शब्द और उसके लिंग की दृष्टि से सुमेलित *नहीं* है ?

(a) रेणु – स्त्रीलिंग (b) वायु – स्त्रीलिंग
(c) ऋतु – स्त्रीलिंग (d) निबंध – स्त्रीलिंग

80. रस-निष्पति के सिद्धांत में 'मुक्तिवाद' का प्रकरण किस आचार्य ने दिया है ?

(a) विश्वनाथ
(b) अभिनवगुप्त
(c) आचार्य शंकुक
(d) भट्टनायक

81. अधोलिखित में से 'मुद्राराक्षस' द्वारा लिखित नाटक *नहीं* है :

(a) योर्स फेथफुली (b) तिलचट्टा
(c) यमगाथा (d) प्रथम प्रस्तुति

82. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची I | | सूची II | |
|---|---|---|---|
| A. | भारतेन्दु हरिश्चंद्र | i. | गौ संकट |
| B. | प्रताप नारायण मिश्र | ii. | श्री चन्द्रावली |
| C. | बालकृष्ण भट्ट | iii. | भारत सौभाग्य |
| D. | बदरी नारायण चौधरी 'प्रेमघन' | iv. | चंद्रसेन |

**कूट :**

(a) A-iv, B-iii, C-i, D-ii
(b) A-i, B-ii, C-iii, D-iv
(c) A-ii, B-i, C-iv, D-iii
(d) A-ii, B-iv, C-i, D-iii

83. देवनागरी लिपि का सर्वप्रथम प्रयोग किस प्रांत में हुआ था ?

(a) मध्य प्रदेश (b) गुजरात
(c) पंजाब (d) उत्तर प्रदेश

84. 'मेरी आत्मा कहानी' शीर्षक से किन दो साहित्यकारों ने आत्मकथा लिखी है ?

(a) आचार्य चतुरसेन शास्त्री तथा बाबू श्यामसुन्दर दास
(b) यशपाल जैन तथा बनारसीदास जैन
(c) बाबू श्यामसुन्दर दास तथा राहुल सांकृत्यायन
(d) राहुल सांकृत्यायन तथा चतुरसेन शास्त्री

85. 'कौरवी' कहा जाता है :

(a) कन्नौजी को
(b) खड़ी बोली को
(c) अवधी भाषा को
(d) ब्रजभाषा को

86. "यदि गद्य कवियों या लेखकों की कसौटी है तो निबंध गद्य की कसौटी है।" उपर्युक्त कथन किस निबंधकार का है ?

(a) प्रताप नारायण मिश्र (b) बालकृष्ण भट्ट
(c) रामचन्द्र शुक्ल (d) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

87. 'धोखा' किसका निबन्ध है ?

(a) लाला श्रीनिवास दास (b) राधाचरण गोस्वामी
(c) भारतेन्दु हरिश्चंद्र (d) प्रताप नारायण मिश्र

88. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची I (रचनाकार) | | सूची II (रचनाएँ) | |
|---|---|---|---|
| A. | अमृत राय | i. | काला मुँह |
| B. | गोविन्द चातक | ii. | अंधा युग |
| C. | धर्मवीर भारती | iii. | खण्डित यात्राएँ |
| D. | नरेश मेहता | iv. | हमलोग |

**कूट :**

(a) A-iv, B-i, C-ii, D-iii
(b) A-i, B-ii, C-iii, D-iv
(c) A-ii, B-iv, C-iii, D-i
(d) A-iii, B-ii, C-i, D-iv

CamScanner

**89.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विदेशी भाषा का *नहीं* है ?

(a) चाँद (b) गिलट
(c) चिमनी (d) गिलास

**90.** नाभादास के 'भक्तमाल' में प्रस्तुत छप्पय "चंद्रहास अग्रज सुहृद परम प्रेम पथ में पगे" – किसके संदर्भ में है ?

(a) सूरदास
(b) कुम्भनदास
(c) नन्ददास
(d) कृष्णदास

**91.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म शब्द और पर्याय की दृष्टि से सुमेलित *नहीं* है ?

(a) निगम – समिति (b) अवनी – पृथ्वी
(c) धैर्य – तोष (d) नश्वर – नित्य

**92.** 'आवारा मसीहा' किस साहित्यकार की औपन्यासिक जीवनी है?

(a) विष्णु प्रभाकर (b) रवीन्द्रनाथ ठाकुर
(c) शरत चन्द्र (d) बंकिम चन्द्र

**93.** देवनागरी लिपि की विशेषता *नहीं* है :

(a) देवनागरी लिपि में संयुक्त व्यंजनों की एक व्यवस्थित पद्धति है।
(b) देवनागरी लिपि में एक ध्वनि के लिए एक लिपि चिह्न है तथा विलोमतः एक लिपि चिह्न के लिए एक ध्वनि है।
(c) देवनागरी लिपि में कुछ ध्वनियों का उच्चारण नहीं होता है।
(d) वर्णमाला की वैज्ञानिक व्यवस्था है।

**94.** निम्नलिखित में से स्थायी भाव एवं रस का सुमेलित युग्म है :

(a) जुगुप्सा – वीभत्स (b) विस्मय – श्रृंगार
(c) शोक – रौद्र (d) उत्साह – हास्य

**95.** नीचे दो कथन दिए गए हैं जिनमें से एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है।

**अभिकथन (A) :** कर्म का चिह्न 'को' है।

**कारण (R) :** कर्म कारक के प्रयोग की दो स्थितियाँ – अप्रत्यय और सप्रत्यय होती हैं।

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं
(c) (A) ग़लत है, किंतु (R) सही है
(d) (A) सही है, किंतु (R) ग़लत है

**96.** 'मरुभूमि का वह मेघ' में किसकी जीवनगाथा वर्णित है ?

(a) काज़ी नज़रुल इस्लाम (b) घनश्याम दास बिड़ला
(c) कविराज गोपीनाथ (d) महात्मा गाँधी

**97.** 'हिन्दी साहित्य की भूमिका' के लेखक हैं :

(a) रघुवीर सहाय
(b) शिवसिंह सेंगर
(c) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(d) राम विलास शर्मा

**98.** निम्नलिखित रचनाओं को उनके रचनाकार के साथ सुमेलित कीजिए और सही कूट का चयन कीजिए :

| | **(रचनाएँ)** | | **(रचनाकार)** |
|---|---|---|---|
| A. | हर्षचरितम् | i. | कालिदास |
| B. | ऋतुसंहार | ii. | माघ |
| C. | शिशुपालवधम् | iii. | बाणभट्ट |
| D. | नैषधीयचरितम् | iv. | श्रीहर्ष |

**कूट :**

(a) A-iii, B-ii, C-iv, D-i
(b) A-i, B-iii, C-ii, D-iv
(c) A-iv, B-i, C-iii, D-ii
(d) A-iii, B-i, C-ii, D-iv

CS CamScanner

99. निम्नलिखित में से मैथिलीशरण गुप्त की रचना *नहीं* है :
(a) भारत भारती
(b) जय भारत
(c) पथिक
(d) साकेत

100. 'चंद्रकांता' का प्रथम प्रकाशन वर्ष है :
(a) 1887 ई.
(b) 1881 ई.
(c) 1888 ई.
(d) 1884 ई.

101. 'ह' व्यंजन क्या है ?
(a) दंत्य
(b) ऊष्म
(c) अंत:स्थ
(d) स्पर्श

102. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | सूची I (रचनाकार) | | सूची II (रचनाएँ) |
|---|---|---|---|
| A. | घनानन्द | i. | पृथ्वीराज रासो |
| B. | चंदबरदाई | ii. | सुजान सागर |
| C. | त्रिलोचन | iii. | अरधान |
| D. | जयशंकर प्रसाद | iv. | प्रेमपथिक |

कूट :
(a) A-i, B-ii, C-iv, D-iii
(b) A-ii, B-i, C-iii, D-iv
(c) A-iii, B-iv, C-i, D-ii
(d) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

103. हिंदी में 'गमला' किस भाषा से आगत शब्द है ?
(a) अरबी
(b) फ़ारसी
(c) पुर्तगाली
(d) तुर्की

104. 'ज्ञानबोध' नामक कृति के रचयिता हैं :
(a) धर्मदास
(b) सुंदरदास
(c) मलूकदास
(d) रैदास

105. "काव्य आत्मा की संकल्पनात्मक अनुभूति है, जिसका सम्बन्ध विश्लेषण, विकल्प या विज्ञान से नहीं है।"– यह किसका कथन है ?
(a) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(b) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी
(c) जयशंकर प्रसाद
(d) डॉ. श्यामसुन्दर दास

106. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म 'वाक्यांश के लिए एक शब्द' सुमेलित *नहीं* है ?
(a) जो मोक्ष चाहता हो – मुमुक्षु
(b) लाभ की इच्छा – लिप्सा
(c) खाने की इच्छा – बुभुक्षा
(d) जीतने की इच्छा – जिज्ञासा

107. निम्नलिखित में से किसका सम्बन्ध पुल्लिंग से *नहीं* है ?
(a) पुखराज
(b) सरोवर
(c) तमाल
(d) दाल

108. 'कबीरा खड़ा बाज़ार में' किसकी रचना है ?
(a) काशीनाथ सिंह
(b) लक्ष्मी नारायण लाल
(c) मोहन राकेश
(d) भीष्म साहनी

109. "बीती विभावरी जाग री।
अंबर पनघट में डुबो रही
ताराघट– ऊषा– नागरी"
उपर्युक्त पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है ?
(a) उपमा
(b) भ्रान्तिमान
(c) रूपक
(d) श्लेष

110. 'विजय प्रशस्ति' के रचनाकार का नाम है :
(a) दण्डी
(b) भवभूति
(c) बाणभट्ट
(d) श्रीहर्ष

111. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची I (रचनाकार) | सूची II (रचनाएँ) |
|---|---|
| A. केदारनाथ सिंह | i. रामचन्द्रिका |
| B. केशवदास | ii. भूरी-भूरी खाक धूल |
| C. गजानन माधव मुक्तिबोध | iii. जमीन पक रही है |
| D. गिरिजा कुमार माथुर | iv. धूप के धान |

कूट :

(a) A-iii, B-i, C-ii, D-iv

(b) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

(c) A-i, B-iii, C-iv, D-ii

(d) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

112. संत सुंदरदास के गुरु का नाम है :

(a) संत रैदास (b) गुरु नानक

(c) दादू दयाल (d) परमानंद दास

113. 'ध्रुवस्वामिनी' के नाटककार का नाम बताइए :

(a) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(b) जयशंकर प्रसाद

(c) महादेवी वर्मा

(d) सुमित्रानंदन पंत

114. कुंवर नारायण का काव्य संग्रह है :

(a) मछलीघर (b) उत्सवा

(c) धूप के धान (d) हाशिए का गवाह

115. 'मनुष्य से बड़ा है – केवल उसका अपना विश्वास और स्वयं उसका ही रचा हुआ विधान।' – यह पंक्ति किस रचना से ली गई है ?

(a) गोदान

(b) दिव्या

(c) मैला आँचल

(d) बाणभट्ट की आत्मकथा

116. 'गवाक्ष:' शब्द का संधि-विच्छेद है :

(a) गे + अक्ष:

(b) गवा + अक्ष:

(c) गो + अक्ष:

(d) गव + अक्ष:

117. अधोलिखित में से उदय प्रकाश का कहानी संग्रह *नहीं* है :

(a) कोसी का घटवार

(b) और अंत में प्रार्थना

(c) मोहनदास

(d) पीली छतरी वाली लड़की

118. 'स्व + ईरम्' का शुद्ध सन्धिरूप है :

(a) स्वेरम् (b) स्वैरम

(c) स्वीरम् (d) स्वईरम्

119. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म वाक्य और कारक चिह्न प्रयोग की दृष्टि से सुमेलित *नहीं* है ?

(a) मैंने हरि को बुलाया – कर्मकारक

(b) पिता ने पुत्र को पुकारा – कर्मकारक

(c) शीला ने सावित्री को जी भर कोसा – कर्मकारक

(d) उसने लड़के को मिठाइयाँ दीं – कर्मकारक

120. 'एक और द्रोणाचार्य' के लेखक हैं :

(a) असगर वज़ाहत (b) शंकर शेष

(c) मोहन राकेश (d) स्वदेश दीपक

121. निम्नलिखित में से 'तत्सम' शब्द है :

(a) काम (b) नीम

(c) आम (d) नाम

122. काव्य में जब कोई शब्द व्याकरण के नियमों के विरुद्ध प्रयुक्त होकर भाषा के संस्कार व लालित्य के ह्रास का कारण बनता है, तब काव्य में किस दोष की उपस्थिति मानी जाती है ?

(a) ग्राम्यत्व दोष (b) अक्रमत्व दोष

(c) दुष्क्रमत्व दोष (d) च्युत संस्कृति दोष

Scanned with OKEN Scanner

123. मुक्तिबोध ने 'संवेदनात्मक ज्ञान एवं ज्ञानात्मक संवेदन' – इस सूत्रवाक्य का प्रयोग किस काव्य धारा के संदर्भ में किया है ?
(a) प्रयोगवाद (b) नई कविता
(c) छायावाद (d) प्रगतिवाद

124. 'अतिथि देवो भव' — कहानी-संग्रह के लेखक हैं :
(a) मधु कांकरिया (b) रमेश उपाध्याय
(c) चित्रा मुद्गल (d) अब्दुल बिस्मिल्लाह

125. निम्नलिखित में सुमेलित युग्म *नहीं* है :
(a) रौद्र रस – क्रोध (b) करुण रस – शोक
(c) अद्भुत रस – उत्साह (d) वीभत्स रस – जुगुप्सा

126. रौद्र रस का स्थायी भाव है :
(a) उत्साह
(b) विस्मय
(c) भय
(d) क्रोध

127. 'राजपुरुषः' का समास विग्रह संस्कृत में है :
(a) राजः पुरुषः (b) राज्ञः पुरुषः
(c) राजायाः पुरुषः (d) राजस्य पुरुषः

128. नीचे दो कथन दिए गए हैं जिनमें से एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है।
अभिकथन (A) : स्थापना काव्य के दोषों की संस्कृत में व्यापक चर्चा की गई है। भामह ने सदोष रचना को साक्षात् मृत्यु माना है।
कारण (R) : तर्क-दोष मुख्यतः (शब्द दोष, अर्थ दोष और रस दोष) तीन प्रकार के होते हैं।
नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :
(a) (A) और (R) दोनों सही हैं
(b) (A) और (R) दोनों गलत हैं
(c) (A) सही है, किंतु (R) गलत है
(d) (R) सही है, किंतु (A) गलत है

129. 'कार्तिकेय' के जन्म से संबंधित रचना का नाम है :
(a) कुमारसम्भवम् (b) रघुवंशम्
(c) ऋतुसंहारम् (d) विक्रमोर्वशीयम्

130. मुहावरे और उसके अर्थ की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित *नहीं* है ?
(a) ईद का चाँद होना – बहुत दिनों बाद दिखाई देना
(b) आड़े हाथों लेना – बातों से लज्जित कर देना
(c) ईंट से ईंट बजाना – असंभव कार्य करना
(d) आव देखा न ताव – बिना कारण

131. 'नयी समीक्षा के प्रतिमान' किसकी कृति है ?
(a) नामवर सिंह (b) लक्ष्मीकांत वर्मा
(c) नगेन्द्र (d) निर्मला जैन

132. "प्रेममार्ग का ऐसा प्रवीण और धीर पथिक तथा जवाँदानी का ऐसा दावा रखने वाला ब्रजभाषा का दूसरा कवि नहीं हुआ" – घनानन्द के विषय में यह कथन किसका है ?
(a) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(b) डॉ. रामकुमार वर्मा
(c) डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी
(d) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

133. किस रीतिकालीन कवि ने 'सतसई' की रचना *नहीं* की है ?
(a) रसलीन (b) भूपति
(c) मतिराम (d) रसनिधि

134. 'मगर एक आवाज़' किस कवि की कृति है ?
(a) अरुण कमल
(b) मंगलेश डबराल
(c) लीलाधर जगूड़ी
(d) लीलाधर मंडलोई

135. 'तत्सम' उपन्यास की रचनाकार हैं :
(a) मालती जोशी (b) राजी सेठ
(c) मृदुला गर्ग (d) चन्द्रकान्ता

CS CamScanner
Scanned with OKEN Scanner

136. 'कादंबरी' का काव्यरूप है :

(a) महाकाव्य
(b) गद्यकथा
(c) चंपू
(d) रूपक

137. 'उत्तररामचरितम्' में कितने सर्ग हैं ?

(a) छः (b) सात
(c) पाँच (d) चार

138. खड़ी बोली में रचित प्रथम महाकाव्य का नाम है :

(a) प्रियप्रवास (b) करुणा कादम्बिनी
(c) वैदेही वनवास (d) साकेत

139. रोला छंद है :

(a) सममात्रिक (b) अर्द्धसममात्रिक
(c) विषम मात्रिक संयुक्त (d) विषम मात्रिक

140. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म शब्द और प्रत्यय की दृष्टि से सुमेलित *नहीं* है ?

(a) अंकनीय – अनीय (b) उल्लेखनीय – अनीय
(c) अर्पणीय – अनीय (d) प्रवर्तीय – अनीय

141. 'जो अत्यंत कष्ट से निवारित किया जा सके' वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द क्या है ?

(a) दुर्निवार (b) सहज
(c) सुलभ (d) सुगम

142. निम्नलिखित विकल्पों में से एक का संबंध 'रेखाचित्र' से *नहीं* है :

(a) कहानी से मिलता-जुलता स्वरूप है।
(b) व्यक्ति, वस्तु या घटना का पूर्ण चित्र नहीं है।
(c) व्यक्ति के जीवन पर आधारित होने के कारण इसे जीवन चरित भी माना गया है।
(d) किसी व्यक्ति, वस्तु, घटना या भाव का सजीव अंकन है।

143. देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली भाषा है :

(a) पंजाबी (b) गुजराती
(c) मणिपुरी (d) मराठी

144. निम्नलिखित में से कौन-सी युग्म शब्द और उसके वचन की दृष्टि से सुमेलित *नहीं* है ?

(a) आँसू – बहुवचन (b) ओठ – बहुवचन
(c) मुनि – बहुवचन (d) दर्शन – बहुवचन

145. निम्नलिखित में से कौन-सा उपन्यास यशपाल का *नहीं* है ?

(a) जहाज का पंछी (b) अमिता
(c) देशद्रोही (d) अप्सरा का शाप

146. 'चाय' किस भाषा का शब्द है ?

(a) चीनी (b) जर्मनी
(c) अरबी (d) अंग्रेज़ी

147. 'तार सप्तक' में संग्रहीत कवियों के विषय में सही *नहीं* है :

(a) वैचारिक स्वातंत्र्य (b) नयी राहों का अन्वेषण
(c) प्रयोगधर्मिता (d) वैचारिक साम्य

148. दोहा और रोला छन्द मिलाने से कौन-सा छन्द बनता है ?

(a) उल्लाला
(b) हरिगीतिका
(c) कुण्डलिया
(d) छप्पय

149. नन्ददास द्वारा लिखित 'रासपंचाध्यायी' किस छंद में लिखी गई है ?

(a) सवैया (b) रोला
(c) दोहा (d) बरवै

150. "मानव अथवा प्रकृति के सूक्ष्म किन्तु व्यक्त सौन्दर्य में आध्यात्मिक छाया का मान मेरे विचार से छायावाद की सर्वमान्य व्याख्या हो सकती है।" यह कथन है :

(a) जयशंकर प्रसाद का (b) नंददुलारे वाजपेयी का
(c) मुकुटधर पाण्डेय का (d) डॉ. नगेंद्र का

CS CamScanner
Scanned with OKEN Scanner